# पाठ - 7

# मेरी किताब

---

## बातें किताबो की

**Q1. बाप रे! इतनी किताबें! (i) क्या तुमने भी बहुत सारी किताबें एक साथ देखी हैं? कहाँ? (ii) तुम्हारे बस्ते में भी बहुत सारी किताबें होंगी। उन सभी किताबों में से तुम्हारी मनपसंद किताब कौन-सी है? क्यों? (iii) यहाँ कुछ किताबों के पन्नों के चित्र दिए गए हैं और उनके नाम लिखे हैं।**




**तुम इनमें से कौन-सी किताब पढ़ना चाहोगे? क्यों?**

.......................................................................................................................

..........................................................................................


**उत्तर :** (i) हाँ मैंने बहुत सारी किताबें एक साथ देखी हैं। हमारे विद्यालय के पुस्तकालय में बहुत सारी किताबें रखी हुई हैं। (ii) मेरे बस्ते में मेरे पाठ्यक्रम (syllabus) से संबंधित बहुत सारी किताबें हैं। मुझे हिन्दी तथा अंग्रेज़ी की किताब अच्छी लगती है क्योंकि इसमें बहुत सारी कहानियाँ और मज़ेदार कविताएँ होती हैं। (iii) "नाम था उसका आसमानी" नामक किताब पढ़ना चाहूँगा। अन्य किताबों के चित्र से कहानी का अनुमान लग रहा है। परन्तु इस नाम से नहीं लग पा रहा है। यह किताब एक मछली पर आधारित है, जो मुझे बहुत पंसद है।

## नाप तौल

**Q1. मौसी ने वीरू को फ़ुट्टा लाने के लिए क्यों कहा?**

**उत्तर :** मौसी ने वीरू को इसलिए फुट्टा लाने को कहा ताकि वह उससे नापकर किताब ले जाए। इस तरह उसे अपने पंसद की कम मोटी किताब मिल जाएगी।

**Q2. अलग-अलग चीज़ों को नापने या तौलने के लिए अलग-अलग चीज़ों का इस्तेमाल करते हैं। तुम नीचे दी गई चीज़ों को किन चीज़ों से मापोगे?**




**(i) कपड़े को .................................... (ii) आम को .................................... (iii) मेज़ को .................................... (iv) कागज़ को .................................... (v) पानी को ....................................**

**उत्तर :** (i) कपड़े को इंचटेप के माध्यम से मापेगें। (ii) आम को इसे तोलने वाले बाट से मापेगें। (iii) मेज़ को इंचटेप से मापेगें। (iv) कागज़ को फुट्टे की सहायता से नाप सकते हैं। (v) पानी को लीटर से मापेगें।

## आओ खेले अन्त्याङ्क्षरी

**Q1.**




**उत्तर :** किताब-बंदर-रस्सी-सीमा-माता-ताला-लगती